# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# दिल्ली की लाडली योजना मे ऐसे कर सकते है आवेदन, बेटी को मिलेगें इतने हजार रुपये।

Publisher Published on 12 Jul 2025




**राजधानी दिल्ली मे बेटियों के जन्म और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है लाडली योजना, जानिए आवेदन की प्रक्रिया और लाभ की पूरी जानकारी।**

**दिल्ली :** अगर आप दिल्ली के निवासी हैं और आपके घर बेटी का जन्म हुआ है, तो आपके लिए खुशखबरी है. दिल्ली सरकार की "**लाडली योजना**" बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनकी शिक्षा को मजबूती देने के लिए एक अहम कदम है. इस योजना के तहत **सरकार बच्ची के जन्म से लेकर स्कूली शिक्षा के विभिन्न चरणों मे वित्तीय सहायता** देती है. आइए जानते हैं इस योजना की पूरी जानकारी और आवेदन की प्रक्रिया।

**क्या है लाडली योजना ?**

"**दिल्ली लाडली योजना**" की शुरुआत **1 जनवरी 2008** को **महिला एवं बाल विकास विभाग,** दिल्ली सरकार द्वारा की गई थी. इस योजना का मुख्य उद्देश्य बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करना और उनके शिक्षा खर्च को आर्थिक सहायता से सपोर्ट करना है.

इस योजना में सरकार बच्ची के जन्म पर **₹11,000** (**अस्पताल मे जंन्म**) या **₹10,000 (घर पर जन्म)** की राशि उसके नाम से जमा करती है. इसके बाद जब बच्ची **कक्षा 1, 6, 9, 11** और **12** में प्रवेश करती है, तो हर बार **₹5,000 की राशि** और दी जाती है.

यह राशि **स्टेट बैकं ऑफ इंडिया** (**SBI**) – **लाइफ इंश्योरेसं प्लान** के तहत निवेश की जाती है. जब बेटी 18 वर्ष की हो जाती है और कम से कम 10वीं कक्षा पास कर लेती है, तब उसे यह राशि ब्याज समेत प्रदान की जाती है.

**योजना के लिए पात्रता**

१. **आवेदक दिल्ली का स्थायी निवासी होना चाहिए (कम से कम 3 साल से)**

२. **बेटी दिल्ली मे जंन्मी होनी चाहिए**

३. **अभिभावक दिल्ली मे पंजीकृत स्कूल मे बंच्ची को पढ़ा रहे हों**

४. **परिवार की वार्षिक आय ₹1 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए**

५. **अधिकतम दो बेटियों तक ही लाभ दिया जाएगा**

**आवेदन की प्रक्रिया**

1. **ऑनलाइन आवेदन :**

1.सबसे पहले जाएं **e-District पोर्टल.**

2."**Citizen Corner**" में **New User** पर क्लिक करें.

3**.आधार कार्ड नंबर** दर्ज करें, **कैप्चा भरे** ंऔर **डिक्लेरेशन को चेक करे** ं

4**.फिर लॉगिन डिटेल्स मोबाइल/ईमेल पर मिलेगी**

5. लॉ**गिन करके ऑनलाइन फॉर्म भरे ंऔर जरूरी दस्तावेज अपलोड करे** ं

2. **ऑफलाइन आवेदन :**

नजदीकी **जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय** या **सरकारी स्कूल** से आवेदन फॉर्म लें.

फॉर्म को भरकर संबंधित दस्तावेजों के साथ जिला कार्यालय में जमा करें

**जरूरी दस्तावेज**

१. **बच्ची का जन्म प्रमाणपत्र**

२. **आधार कार्ड (बच्ची और माता-पिता)**

३. **दिल्ली निवास प्रमाणपत्र**

४. **स्कूल प्रमाणपत्र**

५. **पासपोर्ट साइज फोटो**

६. **बैकं खाता विवरण**

**योजना के लाभ**

१. **बेटी के जन्म पर ₹10,000 से ₹11,000**

२. **कक्षा 1, 6, 9, 11, 12 मे प्रंवेश पर ₹5,000 प्रति बार**

३. **18 वर्ष की उम्र और 10वीं पास करने पर पूरी राशि ब्याज समेत मिलती है**

४. **इससे बच्ची की उच्च शिक्षा या शादी मे मंदद मिल सकती है**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.